हरियाणा की पिपली मंडी में 19-25 सितंबर के दौरान रहा पूसा बासमती 1509 का भाव सबसे ऊँचा

19-25 सितंबर के सप्ताह के दौरान, हरियाणा के कुरुक्षेत्र ज़िले की पिपली मंडी में 20 सितंबर को जल्दी पकने वाली बासमती की किस्म पूसा बासमती 1509 का भाव सबसे ऊँचा रहा जो कि 3,071 रुपये प्रति क्विंटल था। सरकारी पोर्टल https://agmarknet.gov.in से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, पंजाब के पटियाला ज़िले की राजपुरा मंडी में 3,065 रुपये प्रति क्विंटल का अधिकतम भाव 22 और 25 सितंबर को दर्ज किया गया।

पोर्टल के अनुसार, इसी अवधि में हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश की मंडियों में पूसा बासमती 1509 का अधिकतम भाव 3,000 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर 12 बार दर्ज किया गया।

इस हफ़्ते के दौरान पोर्टल ने पंजाब, हरियाणा, यूपी और मध्य प्रदेश की 75 मंडियों से पूसा बासमती 1509 के भाव का आँकड़े दर्ज किए।

हफ़्ते के दौरान यूपी के बुलंदशहर ज़िले की स्याना मंडी में 24 और 25 सितंबर को पूसा बासमती 1509 का सबसे कम भाव दर्ज किया गया जो कि 1,600 रुपये क्विंटल था। हफ़्ते के दौरान देश की अलग-अलग मंडियों में 10 बार न्यूनतम भाव 2,100 रुपये प्रति क्विंटल से नीचे दर्ज किए गए।

स्याना के साथ-साथ, एम पी के ग्वालियर ज़िले की डबरा मंडी और रायसेन ज़िले की रायसेन मंडी, और पंजाब के पटियाला ज़िले की नाभा मंडी में न्यूनतम भाव 2,100 रुपये प्रति क्विंटल से नीचे दर्ज किए गए।

हरियाणा, पंजाब और यू पी की मंडियों में 19-25 सितंबर सप्ताह के दौरान 2,900 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर के मोडल या प्रचलित भाव 12 बार दर्ज किए गए।

हरियाणा के जींद ज़िले की सफ़ीदों मंडी में 21 और 23 सितंबर को, 25 सितंबर को पंजाब के पटियाला ज़िले की राजपुरा मंडी और 21 और 22 सितंबर को पटियाला की नई अनाज मंडी में मोडल भाव 3,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किए गए।